भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 08.11.2023

महाप्रबंधक ने किया नवनिर्मित स्टोर शेड का उद्घाटन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, में दिनांक 08.11.2023 को महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने नवनिर्मित स्टोर शेड एवं वर्षा जल संरक्षण केन्द्र का उद्घाटन किया।

महाप्रबंधक महोदय ने बताया कि नवनिर्मित स्टोर शेड का प्रयोग फर्निशिंग की सामग्री को रखने के लिए किया जाएगा क्योंकि फर्निशिंग का सामान पर्यावरण से शीघ्र प्रभावित होने वाला होता है उसका रख–रखाव उचित तरीके से करना होता है इस शेड के निर्माण हो जाने से सामग्री विभाग को 3600 वर्गमीटर के स्टोर शेड की अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध होगी।

आरेडिका के मुख्य अभियंता श्री एसपी यादव ने बताया कि नवनिर्मित स्टोर शेड एवं वर्षा जल संरक्षण केन्द्र दोनों के निर्माण में गुणवत्ता संबंधित सभी मानकों का प्रयोग किया गया है। इस वर्षा जल संरक्षण केन्द्र के द्वारा प्रतिवर्ष 4600 किलो लीटर वर्षा जल को भूमि में संरक्षित करने की क्षमता विकसित हुई है। अब आरेडिका के कारखाना परिसर में कुल 77154 किलो लीटर वर्षा जल को प्रतिवर्ष संरक्षित किया जा रहा है एवं इसको बढ़ाने के प्रयास लगातार जारी हैं। साथ ही साथ वर्षा जल संरक्षण केन्द्र की ऊपरी जमीन पर ग्रीन वेल्ट का निर्माण किया गया है जिसमें 250 पौधों का रोपण कार्य किया है। जिससे जल संरक्षण के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी मदद मिलेगी।

इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ श्री संजय कुमार कटियार, पीसीईई श्री हरीश चन्द्र, सीएमएम श्री संदीप शुक्ला, सीडब्लूई / शेल श्री साकिब सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

08/11/2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी